आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 25.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों सहित सभी संबंधित पक्षों को लोक सभा चुनाव के दौरान कागज का कम से कम उपयोग करने के निर्देश दिए।

2— सक्ती जिले में पुलिसकर्मियों पर हमला करने के साथ ही वाहन चालकों से लूट का मामला सामने आया—पुलिस ने इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

3— रंग और उमंग का त्यौहार होली आज प्रदेशभर में परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4— प्रदेश में फिर बदला मौसम का मिजाज—मौसम विभाग ने राज्य के कुछ जिलों में गरज—चमक के साथ तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि की संभावनाएं जताई।

चुनाव आयोग—निर्देश

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई—बुक्स और ई—डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल—साइड प्रिंटिंग तथा ले—आउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

वहीं, आयोग ने लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कम्युनिकेशन करने को कहा है। पर्यावरण—अनुकूल चुनावों के लिए चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के साथ—साथ राजनीतिक दलों को भी एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से पूरी तरह से बचने का निर्देश दिया है। साथ ही इस बात के भी आदेश दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान कचरे के संग्रह की समुचित व्यवस्था की जाए। हर प्रकार के कचरे के निपटन की सुविधा भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग के अलावा चुनाव आयोग ने पर्यावरण—अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने और कारपूलिंग को प्रोत्साहित करने के भी आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा चुनाव के दौरान कर्मियों और मतदाताओं द्वारा तय की जाने वाली दूरी को कम करने पर जोर दिया है। राजनीतिक दलों से यह भी कहा गया है कि चुनाव प्रचार के कार्यक्रमों में नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करें।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को शत—प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने प्रदेशभर में इन दिनों विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड में स्वीप मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छुरिया जनपद पंचायत के सीईओ नारायण प्रसाद बंजारा ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिला और बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी—कर्मचारी, बिहान की महिलाओं और शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने मेंहदी की विभिन्न आकृतियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में हम सब का यह नारा है मतदान करने जाना है, मतदान मेरा अधिकार है, छोड़ो अपने सारे काम पहले करो मतदान जैसे संदेश मेंहदी के माध्यम से दिए।

इसके साथ ही जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक गांव और हर वार्ड में मतदाता जागरूकता समूह बनाया जा रहा है। इसमें वार्ड पार्षद और सरपंच के साथ पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, पटवारी, राजस्व निरीक्षक और मोहर्रिर जैसे मैदानी अमलों को शामिल किया जा रहा है। यह समूह मतदाता जागरूकता से संबंधित विविध गतिविधियों का संचालन करेगा। साथ ही संगोष्ठी जैसे आयोजनों के माध्यम से भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेगा।

वहीं, बिलासपुर जिले के तिफरा स्थित शासकीय दृष्टि और श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में दिव्यांग छात्र—छात्राओं ने आकर्षक रंगोली और पेंटिंग बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी तरह, बिल्हा विकासखंड के ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्व—सहायता समूह की दीदियों ने शत—प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। इसके साथ ही दीदियों ने सुवा नृत्य और मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नये मतदाताओं के साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया।

पुलिस हमला–आरोपी गिरफ्तार

सक्ती जिले में पुलिसकर्मियों पर हमला करने के साथ ही वाहन चालकों से लूट का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह घटना सक्ती जिले के पुटीडीह गांव की है। डभरा थाना प्रभारी चंद्रहास सिन्हा ने बताया कि बीती रात पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान करीब पैंतीस लोगों ने पुटीडीह और अन्य स्थानों पर पत्थर और लकड़ी रखकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया था। इस बीच, पुलिस के पहुंचने पर इन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना में एएसआई, प्रधान आरक्षक और पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी के चालक को चोट आई है। वहीं, अन्य वाहन चालक से लूट और ईट भट्ठे में तोड़फोड़ भी की। इस मामले में पुलिस ने पच्चीस आरोपियों के खिलाफ नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। गिरफ्तार नौ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

वहीं, बीजापुर जिले में भी अज्ञात लोगों द्वारा ग्रामीणों पर हमला करने की खबर मिली है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बासागुड़ा में नदी पार बस्ती में हुए इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल ग्रामीण का इलाज बासागुड़ा स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

होली

रंग और उमंग का त्यौहार होली आज देश सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूरा प्रदेश उत्साह और उल्लास के रंगों में सरोबार है। दिनभर लोग रंगों की मस्ती में डूबे रहे। जगह–जगह नगाड़ों की थाप और फाग गीत सुनाई दे रही है। शहर हो या ग्रामीण इलाके, सभी जगह सुबह से होलियारों की टोलियां घूम–घूमकर एक–दूसरे को रंग और गुलाल से सराबोर कर रही है।

वहीं, कुछ सामाजिक संस्थाओं ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए सूखी होली खेलने की भी पहल की। इन संस्थाओं के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुलाल लगाकर लोगों से मिलते रहे और एक–दूसरे को होली की बधाई देते नजर आए। शाम होते ही रंग–गुलाल का आनंद ले चुके लोगों ने एक–दूसरे के घर जाकर मिठाइयां भी बांटी। वहीं, कुछ स्थानों पर आज फाग गायन का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक होली के कई तरह के रंग नजर आए। बस्तर में हर बार की तरह इस बार भी होली पर आदिम संस्कृति और परंपराओं की अलग झलक देखने को मिली। बस्तर में होली की शुरूआत दंतेवाड़ा के फागुन मेले से होती है। इस परंपरा के अनुसार शुद्ध मिट्टी और पलाश के फूलों से बने रंग को देवी दंतेश्वरी और मेले में प्रतीकात्मक रूप से आए सैकड़ों देवी–देवताओं को चढ़ाया जाता है। इस दौरान सांकेतिक होलिका दहन भी होता है। फागुन मेले के ठीक अगले दिन बस्तर की पहली होली माड़पाल में जलाई जाती है।

मान्यता है कि बस्तर में पूर्व राजपरिवार के साथ पहली होली यहीं जलाई जाती थी, यह परंपरा आज भी कायम है। माड़पाल में होलिका दहन करने के बाद जगदलपुर में मावली मंदिर, भैरमदेव मंदिर और जगन्नाथ मंदिर में एक साथ होलिका दहन किया जाता है। रंग, अबीर और गुलाल के साथ पारंपरिक लोक नृत्य, नाटक, ढोल–मांदर और नगाड़ों की गूंज के बीच लोगों का सामूहिक हर्षोल्लास इस पर्व को खास बना देता है। गौरतलब है कि बस्तर में होली का त्यौहार धार्मिक परंपराओं का हिस्सा है और यहां के ज्यादातर पर्व प्रकृति के अलावा देवी–देवताओं को समर्पित होते हैं।

इस बीच, राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में होली के मौके पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चाक–चौबंद व्यवस्था की है। रायपुर में जगह–जगह पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। शहर में चेकिंग प्वॉइंट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। वहीं, नशे में वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करती रही। इसके अलावा हुडदंग करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रही। नगर के सभी थाना क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस के अलावा नगर सेना के जवानों को भी तैनात किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को रंगों के त्यौहार होली की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

होली के अवसर पर आज राजभवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और राज्य की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन को अधिकारियों–कर्मचारियों ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में क्षेत्रवासियों के साथ होली मनाई। उन्होंने अपने गृहग्राम बगिया पहुंचकर परिवारजनों और ग्रामवासियों के साथ होली का त्योहार धूमधाम से मनाया।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के गांधी मैदान में आयोजित होली कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय और भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू भी उपस्थित थे।

### जवान–घायल

बीजापुर जिले में बीती रात माओवादियों द्वारा की गई फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी का एक जवान दीपक दुर्गम घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों की स्मॉल एक्शन टीम ने बीजापुर–गंगालूर मार्ग पर गोरना–मैनकेली के जंगल से लगे अटल आवास परिसर में फायरिंग की। इस घटना में एक जवान घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए बीजापुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई गई है।

### गांजा–बरामद

प्रदेश के महासमुंद, कोंडागांव और जांजगीर–चांपा जिले में पुलिस ने बीते चौबीस घंटों के दौरान गांजा तस्करी के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया गया है।

महासमुंद जिले की सिंघोड़ा थाना पुलिस और सायबर सेल ने दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब साढ़े बाईस लाख रूपये बताई जा रही है।

उधर, कोंडागांव पुलिस ने भी वाहनों की जांच के दौरान जोन्गरापदर चौक के पास से करीब छियालीस किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत चार लाख साठ हजार रूपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले की कोतवाली पुलिस ने भी गांजा तस्करी के मामले में ओडिशा के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब दस किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग एक लाख इक्कीस हजार रूपये बताई गई है।

### मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर बदल गया है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी की है। विभाग के अनुसार कांकेर, बालोद, बलौदाबाजार, महासमुंद, जांजगीर–चांपा, रायगढ़ और जशपुर जिलों में आज शाम गरज–चमक के साथ तेज हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर वज्रपात होने की भी संभावना है। मौसम विज्ञानी के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

इस बीच, अंबिकापुर में आज दोपहर बाद तेज बारिश के साथ ओले गिरे हैं। वहीं, बिलासपुर जिले के कुछ स्थानों में भी बारिश होने की खबर है। राजधानी रायपुर में भी आज शाम को आसमान में बादल घिर आए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>